(b) the extent to which this potential has been utilised so far ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF POWER (SHRI P. V. RANGAYYA NAIDU): (a) and (b) The total potential of the North-Eastern Region is 31,857 MW at 60% load factor (LF). The potential developed as on 31-10-1993 is 315.50 MW which constitutes 1% (approx.) of the available potential. Another 304 MW is currently under development.

**बिहार में विद्युत परियोजनाओं की स्थापना**

1557. **श्री ब्रह्मदेव आनन्द पासवान** : क्या विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने बिहार में विद्युत परियोजनाओं की स्थापना करने के लिए आठवीं पंचवर्षीय योजना में प्रावधान रखा है तथा यदि हां, तो इन परियोजनाओं की संख्या और क्षमता कितनी-कितनी है; और

(ख) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० वी० रंगैय्या नायडू) : (क) और (ख) आठवीं पंचवर्षीय योजना में यह परिकल्पना की गई है कि राज्य बिहार में निम्नलिखित परियोजनाओं से लाभ प्राप्त होंगे :–

| क्र० सं० | परियोजना का नाम (क्षमता मे० वा० में) | परियोजना का प्रकार | 1992–97 के दौरान लाभ |
|---|---|---|---|
| | **राज्य क्षेत्र** | | |
| 1 | ईस्टर्न गण्डक कैनाल (3 × 5) | हाइडल | 15.0 |
| 2 | सोन डब्ल्यूएलसी (4 × 1.65) | हाइडल | 6.6 |
| 3 | सोन ईएलसी (2 × 1.65) | हाइडल | 3.3 |
| 4 | नॉर्थ कोयल (2 × 12) | हाइडल | 24.0 |
| 5 | चान्दिल (2 × 4) | हाइडल | 8.0 |
| 6 | तेनूघाट यूनिट 1 व 2 (2 × 210) | भाप-कोयला | 420.0 |
| 7 | चान्दिल टीपीएस (500) | ताप-विद्युत | 500.0 |
| | **केन्द्रीय क्षेत्र** | | |
| 1 | बोकारो "ख" 2 टीपीएस (420) | ताप विद्युत | 210.0 |
| 2 | कहलगांव टीपीएस (840) | ताप विद्युत | 840.0 |